भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3116 का उत्तर

कोलवा रेलवे स्टेशन का पूर्ण विकसित स्टेशन में परिवर्तन

3116. श्री मुरारी लाल मीना:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बांदीकुई और दौसा के बीच स्थित कोलवा रेलवे स्टेशन, जो 30-40 गाँवों के लिए एक प्रमुख संपर्क बिंदु है और दौसा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है, को बड़ी लाइन में बदलने के बाद फ्लैग स्टेशन में बदल दिया गया है और क्या इसे पूर्ण विकसित स्टेशन के रूप में बहाल करने पर विचार किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या लगभग 25,000 की आबादी और आसपास के 15 से अधिक गाँवों की निर्भरता वाले बसवा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और ट्रेनों के ठहराव को बढ़ाने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या जिला मुख्यालय दौसा के समीप स्थित पूर्व में बंद किए गए खान भांकरी और भंदना रेलवे स्टेशनों को क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या और जयपुर से इसकी निकटता को देखते हुए फिर से खोलने के लिए कोई सर्वेक्षण/समीक्षा की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या झार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 79601/79602 अजमेर-जयपुर-गंगापुर सिटी डेमू ट्रेन का ठहराव प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): कोल्वाग्राम रेलवे स्टेशन (स्थानीय रूप से 'कोल्वा' के नाम से प्रसिद्ध) एक हाल्ट स्टेशन है, जो दौसा से 18 कि.मी. तथा बांदीकुई स्टेशन से 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। वर्तमान में, दौसा स्टेशन और बाँदीकुई स्टेशन क्रमश: 80 और 96 रेलगाड़ियों द्वारा सेवित है

जो शहरी और निकटवर्ती गाँवों की आबादी की यात्रा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। इसके अलावा, वर्तमान में कोल्वाग्राम स्टेशन पर 08 पैसेंजर रेलगाड़ियां रूकती हैं, जो निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी पैसेंजर
2	51973/51974 मथुरा-जयपुर पैसेंजर
3	14715/14716 हिसार-जयपुर एक्सप्रेस
4	14733/14734 जयपुर-बठिंडा एक्सप्रेस

कोल्वाग्राम स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार लाने हेतु प्लेटफ़ॉर्म विस्तार, आच्छादित प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर का प्रावधान, पैदल पार पुल और दिव्यांगजनों के प्रवेश के लिए रैम्प की व्यवस्था के कार्य शुरू किए जा रहे हैं।

वर्तमान में, बसवा रेल स्टेशन निम्नलिखित 14 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है:

क्र. सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	14661/14662 बाड़मेर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
2	14715 / 14716 हिसार-जयपुर एक्सप्रेस
3	14733/14734 बठिंडा-जयपुर एक्सप्रेस
4	19611/19612 अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस
5	19613/19614 अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस
6	20489/20490 बाड़मेर-मथुरा एक्सप्रेस
7	51973 / 51974 मथुरा-जयपुर पैसेंजर

भारतीय रेल में स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और निर्माण कार्यों को कार्य की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन शुरू किया जाता है। वर्तमान में, बसवा रेलवे स्टेशन पर यात्री

सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्लेटफॉर्म विस्तार और आच्छादित प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर के प्रावधान का कार्य शुरू किया गया है।

कुछ समय पहले यात्रियों की संख्या कम होने के कारण दौसा के नजदीक खान भकरी और भण्डाना हाल्ट स्टेशनों को बंद कर दिया गया था। बंद कर दिए गए स्टेशनों को पुनः चालू करने के साथ-साथ नए स्टेशनों का उद्घाटन, यात्री आवागमन, लागत, आवर्ती व्यय, परिचालनात्मक व्यवहार्यता और निकटवर्ती स्टेशनों की दूरी आदि जैसे अनेक कारकों पर निर्भर करता है ।

वर्तमान में झर रेल स्टेशन निम्नलिखित 04 रेल गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है, जो स्टेशन के यात्री जरूरतों को पूरा करती हैं:

क्र. सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	14733 बठिंडा-जयपुर एक्सप्रेस
2	51973/51974 मथुरा-जयपुर पैसेंजर
3	14716 जयपुर-हिसार एक्सप्रेस

वर्तमान में झर रेलवे स्टेशन के पास दौसा/बस्सी स्टेशनों पर रेलगाड़ी सं. 79601/79602 अजमेर-जयपुर-गंगापुर सिटी डेमू का निर्धारित ठहराव है। रेलगाड़ियों के अतिरिक्त ठहरावों का प्रावधान यातायात औचित्य, खंड पर रेलपथ की उपलब्धता सहित परिचालनात्मक व्यवहार्यता और प्लेटफॉर्म लंबाई और उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

****